अंक - 1 मार्च 2019

मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

आद्रा दर्पण का वर्ष 2019 का प्रथम अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस अंक में दिसम्बर, 2018 से फरवरी, 2019 तक की उपलब्धियों को समाहित किया गया है साथ ही तिमाही के दौरान किए गए प्रमुख कार्यों को भी दर्शाया गया है। हम राजस्व अर्जन के साथ कर्मचारी सुविधाएँ देने के लिए भी तत्पर हैं।

21 दिसंबर,2018 को महाप्रबंधक,द.पू.रेलवे का आद्रा मंडल का निरीक्षण इस अंक का प्रमुख आकर्षण है। इसके अलावा, आद्रा मंडल की गृहपत्रिका जयचंडी(वार्षिकांक) का प्रकाशन किया गया है। दिनांक 01.12.18 को सेरसा मैदान, आद्रा में तीरंदाजी शिविर खोला गया। आलोच्य तिमाही में मंडल के प्रमुख स्टेशनों में एटीवीएम मशीन संस्थापित किए गए। सर्वो, आद्रा द्वारा चापथाड गांव (भोजूडीह) की बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। ऐसी अनेक जनकल्याण मूलक गतिविधियां इस अंक में दर्शाई गई हैं । इस सूचना पत्रक के सफल प्रकाशन के लिए राजभाषा विभाग के कर्मी बधाई के पात्र हैं। मैं इस सूचना पत्रक की सफलता की कामना करता हूँ।



श्री पी. एस. मिश्रा महाप्रबन्धक, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा वार्षिक निरीक्षण के दौरान तालगडिया में स्टेशन पैनल का निरीक्षण.

21 दिसंबर 2018 श्री पी. एस. मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे के वार्षिक निरीक्षण के दौरान तालगड़िया में आधुनिक गैंग हट का उद्घाटन।

श्री पी. एस. मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे के वार्षिक निरीक्षण के दौरान रेलवे आवासों का निरीक्षण।

आद्रा मंडल में 27.12.2018 को कम्युनिटी हॉल / आद्रा में 'मिशन सत्यनिष्ठा' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

70 वें गणतंत्र दिवस का जश्न आद्रा डिवीजन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज, मार्च पास्ट और अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन करके सेरसा स्टेडियम में मनाया गया।

29.01.19 को आद्रा डिवीजन के ठेकेदारों के साथ डीआरएम आंफिस कांन्फ्रेंस हॉल में एक सेमिनार आयोजित किया गया था, ताकि वे श्रमिक कल्याण पोर्टल में पंजीकरण और अपडेशन की प्रक्रिया से परिचित हो सकें

आद्रा मंडल में दिनांक 01.02.2019 को अंतर मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक) का आयोजन किया गया।

सेरसा मैदान आद्रा में 01.12.18 को तीरंदीजी प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया।

माननीय सांसद श्री रवींद्र कुमार पांडे ने खानूडीह में नया स्टेशन भवन, वेटिंग हॉल, बुकिंग कार्यालय का उद्घाटन किया और खानूडीह से महुदा के बुकिंग कार्यालय और वेटिंग हॉल का उद्घाटन किया। माननीय सांसद ने 9.2.19 को एमपीएलएडी फंड के माध्यम से खानूडीह में 15 आरसीसी बेंच और 5 स्टेनलेस स्टील कुर्सियों का भी उद्घाटन किया।

माननीय सांसद / धनबाद श्री पशुपतिनाथ सिंह ने बोकारो में मुख्य प्रवेश द्वार पर लिफ्ट, एस्केलेटर, स्पेस फ्रेम रेनोवेटेड टूव्हीलर पार्किंग, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया।



आद्रा स्टेशन पर महिला यात्रियों के लिए अलग उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई।



बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पर रैंप युक्त दिव्यांग शौचालय।



आद्रा स्टेशन के विकास की दिशा में निम्नलिखित लोकोपयोगी कार्य किए गए हैं- उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय में टीवारों को स्मूथ फ्रांट से सजाया गया है और शौचालयों का नवीकरण किया गया है। एसेश द्वार को स्मूथ फ्रांट और कला दीवारों को आधुनिक तथा मनमोहक कलाकृतियों से सजाया गया है।



आद्रा स्टेशन के विकास के लिए निम्नलिखित कार्य पूरे किए गए हैं- आरईएसओ प्रकार के नए प्लेटफार्म शेड के लिए 17 बे की व्यवस्था। पुराने टूटे-फूटे एसीसी शीट के स्थान पर गैल्वाल्यूम शीट लगाया जाना।

मिक्स्ड प्राइमरी स्कूल, आद्रा का वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 27.02.2019 को आयोजित किया गया था

भोजूडीह इंटर कॉलेज का वार्षिक खेल 26.02.2019 को आयोजित किया गया था।

श्री जावेद अली खान (100 कि.ग्रा. से अधिक) और श्री अभिन शेट्टी(75 कि.ग्रा) ने अंतर रेलवे बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता, 2018-19 में स्वर्ण पदक जीता।

सेरसा/आद्रा द्वारा 5-12 फरवरी,2019 तक अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। यह ट्रॉफी बिजली विभाग ने जीता।



चिकित्सा विभाग द्वारा 28.02.19 को गड़बेता स्टेशन और कॉलोनी में कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर लगाया गया।

सर्वो/आद्रा की सदस्याओं ने 21.12.18 को अधिकारी क्लब में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

सर्वो / आद्रा द्वारा 20.01.2019 को भोजुडीह भैरब धाम के ग्राम चपथड़ के पास के कमजोर वर्ग की लड़कियों को सेनेटरी नैपकिन पैकेट वितरित किए गए।

सर्वो,आद्रा ने अत्यधिक सर्दी के दौरान कुष्ठ आश्रम के वृद्ध लोगों को कंबल और ब्रेड प्रदान किया।

दिनांक 27.02.2019 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर ''जयचण्डी'' पत्रिका का विमोचन किया गया और कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

रोवरिंग के शताब्दी समारोह के अवसर पर, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स यूनिट आद्रा द्वारा 16 से 20 जनवरी, 2019 तक पूर्वी क्षेत्र के राज्य / क्षेत्रीय स्तर के रोवर रेंजर मूट का आयोजन किया गया।

भारत सरकार

(रेलवे बोर्ड)

राजभाषा पदक प्रशस्ति-पत्र

वर्ष 2017 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में उत्कृष्ट और नवोन्मेषमूलक कार्य के लिए आद्रा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री शरद कुमार श्रीवास्तव को रेल मंत्रालय द्वारा रेल मंत्री राजभाषा पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

इतिहास में आद्रा मंडल

SE 6583 BF वैगन का जर्नल 1932 में बना था। इसमें उपरि उपस्कर तार लगाने के लिए सुधार किया गया। आद्रा मंडल के दामोदर कालीपहाड़ी सेक्शन में इसका व्यापक उपयोग किया गया। इसे विरासत भवन परिसर में 28.01.14 को लाया गया।

संरक्षक
श्री शरद कुमार श्रीवास्तव
मंडल रेल प्रबंधक

संपादक
श्री धनेश्वर महान्तो
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह
अपर मंडल रेल प्रबंधक